भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †6227

उत्तर देने की तारीख- 02/04/2026

डी.ए.जे.जी.यू.ए. का कार्यान्वयन

†6227. **श्री प्रताप चंद्र षड्ङ्गी:**
श्री तापिर गाव:
श्री भोजराज नाग:
डॉ. मन्ना लाल रावतः
डॉ. विनोद कुमार बिंद:
श्रीमती हिमाद्री सिंह:
श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अक्टूबर **2024** में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डी.ए.जे.जी.यू.ए.) के आरंभ के बाद से उक्त अभियान के अंतर्गत सम्मिलित किए गए गाँवों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अभियान के अंतर्गत अवसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सेवाओं और आजीविका सृजन जैसे क्षेत्रों में कार्यान्वित किए जा रहे क्षेत्र-वार अंतःक्षेपों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अभियान के कार्यान्वयन के लिए सहभागी मंत्रालयों और विभागों के बीच समन्वय के लिए अपनाए गए संस्थागत कार्यढांचे का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकारों की हिस्सेदारी सहित आवंटित वित्तीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त पहल के अंतर्गत जनजाति बहुल गाँवों में अवसंरचनात्मक और सेवा-वितरण संबंधी अंतर को कम करने के लिए अब तक हुई प्रगति का राज्यवार ब्यौरा क्या है, और विशेषकर रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क): माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया था। इस अभियान में 17 लाइन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 2024-25 से 2028-29 की अवधि के दौरान **63,843** गांवों में बुनियादी ढांचे के अंतरों को संतृप्त करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

(ख): इस अभियान में शामिल मंत्रालयों/विभागों के विवरण के साथ बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी सेवाओं और आजीविका सृजन जैसे क्षेत्रों को कवर करने वाले इस अभियान के तहत शामिल क्षेत्र-वार उपायों के नाम **अनुलग्नक I** में दिए गए है।

(ग): हितधारकों अर्थात् भागीदार मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकार के बीच समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन (तैयार) किए गए संस्थागत ढ़ांचे द्वारा डीएजेजीयूए के कार्यान्वयन को समर्थित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर, जनजातीय कार्य मंत्रालय समग्र योजना, नीति मार्गदर्शन और अंतर-मंत्रालयी समन्वय के लिए ज़िम्मेदार नोडल मंत्रालय के तौर पर काम करता है। समन्वय तंत्र (व्यवस्थाओं) में प्रगति की निगरानी करने और कार्यान्वयन चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श, समीक्षा बैठकें, डेटा साझाकरण करने का प्रबंधन शामिल है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर एक पीएमयू की भी स्थापना की है। यह इकाई अभियान के तहत उनके संबंधित उपायों की प्रगति का आकलन करने के लिए साझेदार मंत्रालय के साथ गहरे समन्वय में काम करती है। जनजातीय बहुल गांवों में सेवाओं की एकीकृत और समय पर प्रदायगी सुनिश्चित करने के लिए लाइन विभागों के बीच समन्वय सुविधा प्रदान करके जिला प्रशासनों के साथ राज्य और जिला स्तर पर राज्य सरकारें मौजूदा प्रशासनिक संरचनाओं के माध्यम से निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

(घ): 2024-25 से 2028-29 तक की 5 वर्षों की अवधि के लिए इस अभियान का कुल बजटीय परिव्यय 79,156 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा: ₹56,333 करोड़ और राज्य हिस्सा: ₹22,823 करोड़) है। प्रत्येक संबंधित मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और वे उन्हें सौपे गए उपाय को लागू करने के लिए ज़िम्मेदार हैं।

(ड.) : मध्य प्रदेश राज्य के रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर निर्वाचन क्षेत्र सहित विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित उपायों के संबंध में इन पहलों के तहत जनजातीय बहुल गांवों में बुनियादी ढांचे और सेवा वितरण के अंतर को पाटने में अब तक हासिल की गई वर्तमान प्रगति **अनुलग्नक II** में दी गई है।

अनुलग्नक- I

दिनांक 02.04.2026 को पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 6227 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

क्र.सं.	मंत्रालय	स्कीम का नाम और इसमें शामिल मंत्रालय/विभाग
1	**ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी)**	पीएमएवाई-जी - आवास
		पीएमजीएसवाई - सड़कें
2	**जल शक्ति मंत्रालय**	जल जीवन मिशन (जेजेएम)
3	**विद्युत मंत्रालय**	नवस्वरूपित वितरण क्षेत्र योजना - आरडीएसएस
4	**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**	नवीन सौर ऊर्जा योजना - पीएम सूर्य घर योजना
5	**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सचल चिकित्सा इकाइयां
6	**महिला और बाल विकास मंत्रालय**	आंगनवाड़ी केंद्र- पोषण 2.0 (आईसीडीएस)
7	**स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय**	समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए)
8	**दूरसंचार विभाग**	सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ)
9	**पर्यटन मंत्रालय**	जिम्मेदार पर्यटन (स्वदेश दर्शन)
10	**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय**	प्रधान मंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई)
11	**मत्स्य पालन विभाग**	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)
	पशुपालन और डेयरी विभाग	राष्ट्रीय पशुधन मिशन
12	**कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय**	जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना
13	**आयुष मंत्रालय**	पोषण वाटिकाएँ - राष्ट्रीय आयुष मिशन
14	**पंचायती राज मंत्रालय**	राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)
15	**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**	एलपीजी - उज्ज्वला योजना

क्र.सं.	मंत्रालय	स्कीम का नाम और इसमें शामिल मंत्रालय/विभाग
16	**इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**	डिजिटल पहलें
17	**जनजातीय कार्य मंत्रालय**	• जनजातीय बहु-उद्देश्य विपणन केंद्र • आश्रम स्कूलों, छात्रावासों, सरकारी/राज्य जनजातीय आवासीय विद्यालयों के बुनियादी ढांचे में सुधार
		• सिकल सेल रोग के लिए सक्षमता केंद्र
		• (एससीडी) और परामर्श सहायता, • एफआरए और सीएफआर प्रबंधन उपाय के लिए सहायता

अनुलग्नक II

दिनांक 02.04.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 6227 के भाग (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए						
क्र.सं.	**मंत्रालय**	**गतिविधि**	**मिशन लक्ष्य (2024-2028)**	**मार्च 2026 तक का लक्ष्य**	**स्वीकृति**	**प्रगति**
1	**ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी)**	पीएमएवाई-जी-आवास	20 लाख	6 लाख	स्वीकृत आवास: **1289251**	पूरे हुए आवास: **760034**
		पीएमजीएसवाई-सड़कें	25,000 कि.मी. सड़क	7,500 गांव	2411.25 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी	कार्य अभी शुरू होना शेष है
2	**जल शक्ति मंत्रालय**	जल जीवन मिशन (जेजेएम)	सभी गाँवों को संतृप्त किया जाएगा	1,500 गांव	स्वीकृत गाँव: 63,035	संतृप्त गाँव: 28,303
3	**विद्युत मंत्रालय**	नवस्वरूपित वितरण क्षेत्र योजना - आरडीएसएस	2.35 लाख आवास	70,000 आवासों को विद्युतीकृत किया जाएगा	स्वीकृत: 2,87,761 (आवास और सार्वजनिक संस्थान)	विद्युतीकृत : 59,812 (आवास और सार्वजनिक संस्थान)
4	**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**	नवीन सौर ऊर्जा योजना - पीएम सूर्य घर योजना	2000 संस्थानों में सोलर रूफटॉप का प्रावधान और 100		स्वीकृत: 4,099 आवास (मणिपुर में 100 और अरुणाचल प्रदेश में 3099)	स्थापित होना अभी शुरू नहीं हुआ है

वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए						
क्र.सं.	**मंत्रालय**	**गतिविधि**	**मिशन लक्ष्य (2024-2028)**	**मार्च 2026 तक का लक्ष्य**	**स्वीकृति**	**प्रगति**
			मॉडल सोलर जनजातीय गांव			
5	**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सचल चिकित्सा इकाइयाँ	1,000 एमएमयू	100 एमएमयू	154 एमएमयू	154 एमएमयू संचालित
6	**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**	आंगनवाड़ी केंद्र-पोषण 2.0 (आईसीडीएस)	2,000 नई आंगनवाड़ीयां	नई 400	875 आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी	657 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित
7	**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय**	समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए)	1,000 छात्रावास	300 छात्रावास	692 छात्रावास स्वीकृत	311 छात्रावासों का शिलान्यास किया गया
8	**दूरसंचार विभाग**	सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ)	5,252 गांव	1500 गांव	स्वीकृत गांव: 5,252	कवर किए गए गांव: 3,666
9	**पर्यटन मंत्रालय**	उत्तरदायी पर्यटन (स्वदेश दर्शन)	1000 गृह प्रवास (होम स्टे)	100 गृह प्रवास (होम स्टे)	17 राज्यों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और वर्तमान में अनुमोदन के लिए विचाराधीन हैं।	24.11.2025 को आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख, मध्य प्रदेश और

वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए						
क्र.सं.	**मंत्रालय**	**गतिविधि**	**मिशन लक्ष्य (2024-2028)**	**मार्च 2026 तक का लक्ष्य**	**स्वीकृति**	**प्रगति**
						मिजोरम में 17.7 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई
10	**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई)	एफआरए पट्टा धारकों को कृषि सहायता (~ 2 लाख)	60000 लाभार्थी		कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 1,73,000 लाभार्थियों की पहचान की
11	**मत्स्य पालन विभाग**	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)	जनजातीय मछुआरों को सहायता: 10,000 आईएफआर और 1000 सीएफआर	3000 लाभार्थी	5700 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है	700 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं
	पशुपालन और डेयरी विभाग	राष्ट्रीय पशुधन मिशन	8500 आईएफआर धारकों को पशुधन प्रबंधन सहायता	2550 लाभार्थी	गुजरात, मध्य प्रदेश, असम और जम्मू-कश्मीर के लिए परियोजनाएं स्वीकृत	विभाग ने 2025-26 में 6 राज्यों को 8 करोड़ रुपये जारी किए हैं (जम्मू और कश्मीर, गुजरात, त्रिपुरा, असम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़)

वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए						
क्र.सं.	**मंत्रालय**	**गतिविधि**	**मिशन लक्ष्य (2024-2028)**	**मार्च 2026 तक का लक्ष्य**	**स्वीकृति**	**प्रगति**
12	**कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय**	जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना	(i) जनजातीय जिलों में 30 कौशल केंद्र	9 कौशल केंद्र और 300 वन धन विकास केंद्रों को प्रशिक्षण	30 जिलों में 30 जनजातीय कौशल केंद्रों को मंजूरी दी गई	देश भर में 30 कौशल केंद्रों का उद्घाटन किया गया जिनमें 21713 लाभार्थी नामांकित हैं। 1078 बैच बनाए गए हैं।
			(ii) 1000 वीडीवीके और जनजातीय समूहों का प्रशिक्षण		250 वीडीवीके के प्रशिक्षण को मंजूरी	264 वीडीवीके के लिए राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों की पहचान कर ली गई है
13	**आयुष मंत्रालय**	पोषण वाटिका - राष्ट्रीय आयुष मिशन		700 पोषण वाटिकाएं	ईएमआरएस में 243 पोषण वाटिकाएं स्वीकृत	आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में ईएमआरएस में 111 पोषण वाटिकाएं बनाने की योजना है
14	**पंचायती राज मंत्रालय**	राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)	एफआरए से संबंधित सभी ग्राम सभाओं, उपमंडलों और जिलों में		कुल प्रशिक्षित किए जाने वाले अनुसूचित जनजाति प्रतिभागी- 46,19,662	कुल प्रशिक्षित अनुसूचित जनजाति प्रतिभागी - 7,81,661

वास्तविक लक्ष्य एवं उपलब्धियां-डीएजेजीयूए						
क्र.सं.	**मंत्रालय**	**गतिविधि**	**मिशन लक्ष्य (2024-2028)**	**मार्च 2026 तक का लक्ष्य**	**स्वीकृति**	**प्रगति**
			एफआरए जागरूकता कार्यक्रम			
15	**पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय**	एलपीजी - उज्ज्वला योजना	25 लाख एलपीजी कनेक्शन	7.5 लाख परिवार		65,184 जनजातीय परिवारों को एसवी दिए गए
16	**इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**	डिजिटल पहलें	उपाय को 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित किया गया है, जहां परियोजनाओं को अनुप्रयोज्य अनुसार एमईआईटीवाई द्वारा स्वीकृति दी जाएगी। हालांकि, आज की तारीख तक, एमईआईटीवाई ने उपाय के तहत प्रगति की सूचना नहीं दी है।			

'डीएजेजीयूए' के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित उपाय निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	उपाय	वास्तविक प्रगति
1	जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र (टीएमएमसी)	देशभर में 78 टीएमएमसी की स्थापना को मंजूरी दी गई है। आज की तारीख तक, 19 टीएमएमसी पर कार्य शुरू हो चुके हैं, जबकि 39 टीएमएमसी के लिए निविदाएं जारी की जा चुकी हैं।
2	सिकल सेल रोग के लिए सक्षमता केंद्र (एससीडी)	ओडिशा, बिहार, उत्तराखंड, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और असम सहित 15 राज्यों में सक्षमता केंद्रों को मंजूरी दी गई है। असम में सीओसी संचालित है, जबकि महाराष्ट्र में सीओसी उद्घाटन के लिए तैयार है।
3	वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) प्रकोष्ठ	राज्य और जिला स्तर पर 20 राज्यों में 433 एफआरए प्रकोष्ठों को मंजूरी दी गई है।
4	सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना (सीएफआरएम) तैयार करने के लिए सहायता	आज की तारीख तक 13060 लाख रुपये के परिव्यय के साथ 920 सीएफआरएम को अनुमोदन दिया गया है।
5	एससीडी जागरूकता	इस योजना को 17 राज्यों में 1116.25 लाख रुपये के परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई है।
6	आश्रम स्कूलों और छात्रावासों का निर्माण, मरम्मत आदि	आश्रम स्कूल और छात्रावासों के निर्माण की योजना के तहत 6,773 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। आज की तारीख तक, 417 स्कूलों में काम चल रहा है या समाप्त होने को है।

रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में डीएजेजीयूए की प्रगति नीचे दी गई तालिका में दी गई हैः

1. ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमएवाई-जी)

जिले का नाम	स्वीकृत आवास	पूर्ण हुए आवास
रतलाम	16887	6211
झाबुआ	38270	11607
अलीराजपुर	11317	6791

2. जल शक्ति मंत्रालय

जिले का नाम	डीएजेजीयूए गांवों की संख्या	संतृप्त गांवों की संख्या
रतलाम	338	85
झाबुआ	650	483
अलीराजपुर	490	113

3. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

जिले का नाम	स्वीकृत कौशल केंद्र	संचालित कौशल केंद्र
रतलाम	1	1

4. दूरसंचार विभाग

जिले का नाम	यूएसओ कवर किए गए गांव
रतलाम	1
अलीराजपुर	2

5. मध्य प्रदेश में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा परियोजनाओं को मंजूरी

उपाय	जिला	इकाई	अनुमोदित राशि लाख में
एफआरए प्रकोष्ठ (सेल)	अलीराजपुर	1	16.27
एफआरए प्रकोष्ठ (सेल)	झाबुआ	1	16.27
एफआरए प्रकोष्ठ (सेल)	रतलाम	1	16.27
छात्रावास/आश्रम/स्कूल की मरम्मत	रतलाम	8	95.22
छात्रावास अधीक्षक का निर्माण	रतलाम	12	273.36
100 सीटों वाले छात्रावासों का निर्माण	अलीराजपुर	3	2400
100 सीटों वाले छात्रावासों का निर्माण	झाबुआ	5	4000
100 सीटों वाले छात्रावासों का निर्माण	रतलाम	2	1600

*****